उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 111 /चयन/74–2022/2022–23 दिनांक 06-5-2022

विज्ञप्ति

चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्याः–12/चयन/64–2022/2022–23 दिनांक 02.05.2022 द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2011 कानपुर मण्डल के संस्था प्रधान का अन्तिम चयन परिणाम/पैनल बोर्ड के अधिकारिक वेबसाइट www.upsessb.org पर प्रदर्शित किया गया था। तत्पश्चात् चयन बोर्ड में यह सूचना प्राप्त हुई कि नगर निगम कानपुर द्वारा संचालित विद्यालयों का भी परिणाम प्रकाशित हो गया है।

2. याचिका संख्या–14988/2016 शीला मिश्रा व 03 अन्य बनाम उ0प्र0 शासन व 07 अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 12.12.2019 द्वारा नगर निगम कानपुर से संचालित संस्थाओं को छोड़कर शेष के परिणाम याचिका के अन्तिम निर्णय के अधीन घोषित करने का आदेश दिया गया था। परन्तु वर्ग–01 के कोड संख्या–19 व 20 तथा वर्ग–02 के कोड संख्या–09 पर अंकित संस्था के साथ नगर निगम शब्द न होने के कारण इनका परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित हो गया। प्रत्यावेदन के परीक्षण से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि ये विद्यालय नगर निगम द्वारा संचालित हैं।

3. अतः उपर्युक्त के दृष्टिगत चयनबोर्ड की विज्ञप्ति दिनांक 02.05.2022 द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित परिणाम में वर्ग–01 संस्था कोड–19 श्री रत्नशुक्ल इण्टर कालेज जूही, कानपुर नगर एवं संस्था कोड–20 डी0 पी0 एस0 इण्टर कालेज नवाबगंज, कानपुर नगर तथा वर्ग–02 की संस्था कोड–09 आर0 बी0 आर0 डी0 बालिका इण्टर कालेज नवाबगंज, कानपुर नगर का पैनल अग्रिम आदेश तक स्थगित किया जाता है।

06-05-2022
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।